**सिटी अचीवर • जयपुर बेस्ड स्टार्टअप हायरफॉक्स की 2018 में हुई थी शुरुआत**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से भारतीय और इंटरनेशनल भाषाओं में इंटरव्यू की करवा रहे तैयारी



प्रतीक जैन, नवलदीप सिंह और आदित्य केडिया

सिटी रिपोर्टर | रिक्रूटमेंट प्रोसेस आसान हो। समय की बर्बादी के बिना एम्पलॉयर्स को सलेक्शन और कैंडिडेट्स को पसंदीदा कंपनी से जुड़ने का मौका मिले। अक्सर इंटरव्यू में एचआर की कसौटियों पर खरा नहीं उतरने की स्थिति में फ्रेशर्स पसंदीदा कंपनियों में सलेक्ट नहीं हो पाते। इसी समस्या के समाधान के लिए जयपुर बेस्ड स्टार्टअप हायरफॉक्स की शुरुआत 2018 में प्रतीक जैन, नवलदीप सिंह और आदित्य केडिया ने की। आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी की मदद से अपने इस प्लेटफार्म के जरिए कैंडिडेट्स व फ्रेशर्स को इंटरव्यू की तैयारी करवा रहे हैं। यह सब्सक्रिप्शन आधारित प्लेटफार्म है।

सभी भारतीय भाषाओं में कंपनियों में सलेक्शन के इंटरव्यू की तैयारी करवा रहे हैं, यह पूरी प्रक्रिया एआई की मदद से कर रहे हैं। हायरिंग प्रोसेस तेज और आसान भी बना रहे हैं। प्रति इंटरव्यू करीब 20 सवाल दिए जाते हैं। नए कैंडिडेट्स की तैयारी के लिए कस्टमाइजेबल सेटिंग्स, लाइव एडेप्टिव प्रश्न और विशेषज्ञ फीडबैक के साथ इमर्सिव मॉक इंटरव्यू और नियोक्ताओं की भर्ती प्रक्रिया को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। रिक्रूटमेंट प्रोसेस, आउटसोर्सिंग और वेंडर मैनेजमेंट जैसी सेवाओं के व्यापक सेट के साथ, हायरफॉक्स विभिन्न उद्योगों की कई जरूरतों को पूरा कर रहा है। 150 से अधिक कर्मचारियों की टीम के साथ यह कंपनी भारत में अपने संचालन का विस्तार कर रही है। अब अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने की योजना बना रही है। हायरफॉक्स को राज्य सरकार के iStart के साथ गोल्ड पार्टनर के रूप में चुना गया है। अब हायरफॉक्स की सालाना वृद्धि दर 30% है।